झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांकः– रा0खा0आ0 (विविध) 16/2022–363

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, राँची

राँची, दिनांक :– 07.04.2022

विषय :– **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अधीन प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम के योजना के सम्बन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि राष्ट्रीय खांद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 के अधीन संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं सुचारू निष्पादन हेतु झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग द्वारा दिनांक–18.04.2022 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से राँची प्रेस क्लब में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है एवं सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निदेशित भी किया गया है।

अतः अनुरोध है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु भवदीय स्तर से भी सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

7/4/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261